भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 463
गुरूवार, 28 नवम्बर, 2024/7 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के आगमन में वृद्धि करना

463 डा. के. लक्ष्मण:
श्री बृज लाल:
क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में आने वाले अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा कौन-कौन सी विपणन और प्रचार संबंधी कार्यनीतियां अपनायी गयी हैं; और

(ख) उनके दौरों के भाग के रूप में प्रदान की गई सेवाओं से संबंधित वर्तमान दर संरचना क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): पर्यटन मंत्रालय भारत की पर्यटन क्षमता को प्रदर्शित करने और देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण और संभावित पर्यटक सृजित करने वाले बाजारों में विभिन्न संवर्धनात्मक कार्यकलाप करता है। अंतर्गामी पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए किए जाने वाले संवर्धनात्मक कार्यकलापों का विवरण इस प्रकार है:

i. अंतर्राष्ट्रीय यात्रा मेलों और प्रदर्शनियों, जैसे वर्ल्ड ट्रेवल मार्केट (डब्ल्यूटीएम) लंदन, फेरिया इंटरनेशनल डी टूरिज्मो (फिटूर) मैड्रिड, इंटरनेशनल ट्रेवल एण्ड हॉस्पिटेलिटी शो (एमआईटीटी) मॉस्को, एशिया-पैसिफिक इंसेंटिव्स एंड मीटिंग्स इवेंट (एआईएमई) सिडनी, इंटरनेशनल टूरिज्मसबोर्स (आईटीबी) बर्लिन, अरेबियन ट्रेवल मार्केट (एटीएम) दुबई, इंटरनेशनल मीटिंग एक्सचेंज (आईएमईएक्स) फ्रैंकफर्ट, इंटरनेशनल एंड फ्रेंच ट्रेवल मार्केट (आईएफटीएम) टॉप रेसा पेरिस, जापान एक्सपो, इंटरनेशनल टूरिज्मसबोर्स एशिया (आईटीबी एशिया), सिंगापुर आदि में भागीदारी।

ii. एक बड़े भारतीय डायस्पोरा को अतुल्य भारत का दूत बनने के लिए प्रोत्साहित करने और हर वर्ष अपने पांच गैर-भारतीय मित्रों को भारत आने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु 'चलो इंडिया' पहल शुरू की गई है।

iii. प्रवासी भारतीयों के पंजीकरण के लिए 'चलो इंडिया' पोर्टल भी तैयार किया गया है। इसके अलावा, रेफरल कार्यक्रम के तहत भारत आने वाले एक लाख विदेशी पर्यटकों के लिए नि:शुल्क ई-वीजा की घोषणा की गई थी।

iv. पर्यटन मंत्रालय ने दिनांक 27 सितंबर, 2024 को नवीकृत अतुल्य भारत डिजिटल पोर्टल (www.incredibleindia.gov.in) पर अतुल्य भारत कंटेंट हब लॉन्च किया है। अतुल्य भारत कंटेंट हब उच्च गुणवत्ता वाली छवियों, फिल्मों, ब्रोशर और समाचार पत्रों का एक व्यापक डिजिटल भंडार है, जिसे दुनिया भर में उद्योग के हितधारकों (ट्रेवल मीडिया, टूर ऑपरेटर, ट्रेवल एजेंट) द्वारा आसानी से देखा जा सकता है और जो सभी विपणन और प्रचार संबंधी प्रयासों में अतुल्य भारत के संवर्धन के लिए आवश्यक है। यह नवीकृत अतुल्य भारत डिजिटल पोर्टल एक पर्यटक-केंद्रित, वन-स्टॉप डिजिटल समाधान है, जिसे भारत आने वाले अतिथियों के लिए उनके यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने हेतु डिज़ाइन किया गया है।

v. मंत्रालय के आतिथ्य कार्यक्रम के अंतर्गत देश की यात्रा करने के लिए मीडिया हस्तियों, टूर ऑपरेटरों और विचारकों को आमंत्रित करना।

vi. ये संवर्धन राज्य सरकारों और 20 चिह्नित भारतीय मिशनों सहित विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों के सहयोग से किए जाते हैं।

(ख): पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार पर्यटन संबंधी हितधारकों द्वारा वसूली जाने वाली दरों की रूपरेखा के संबंध में निर्णय लेने वाला विनियामक प्राधिकरण नहीं है।

****